an>

Title: Need to permit picking of stones from Pandai river in Valmiki Nagar parliamentary constituency, Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकी नगर के प्रखंड गौनाहा के भिखनाठोरी स्थित पंडई नदी में पत्थर चुनने का काम पिछले कई सालों से बन्द है, जिसके कारण यहाँ के हजारों लोग भुखमरी के कगार पर हैं। उनके सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है। यहाँ मजदूरों के द्वारा हाथ से पत्थर चुना जाता है। यह पत्थर नेपाल से नदियों के द्वारा बहकर आता है। पत्थर नहीं निकाले जाने के कारण नदी का पेट भर जाता है, जिसके कारण हजारों एकड़ वनों को नुकसान हो जाता है और कीमती लकड़ियों को भी नुकसान होता है। यह टाइगर प्रोजेक्ट से तीन किलोमीटर दूर स्थित है।

अतः इस अति महत्वपूर्ण विषय पर आप अपना संज्ञान लें और जल्द से जल्द एन.ओ.सी. दिलाने की कृपा करें। हाथ से पत्थर चुनने की परमीशन दी जाए, ना कि विस्फोट के द्वारा, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिल सके।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : डॉ. अंशुल वर्मा।

डॉ. रमेश पोखरियाल जी।